DIET KANNUR
SSLC Mukulam Model Examination March 2022
Third Language - Hindi

Time: 1½ Hours **Max. Score: 40**

सामान्य निर्देशः

- *पहले 15 मिनट का समय प्रश्नों का वाचन करें, मनपसंद प्रश्नों का चयन करें तथा उत्तर लिखने की तैयारी करें।*
- *सूचनाओं को ध्यान से पढ़ें और उत्तर लिखें।*
- *उत्तर लिखते समय अंक और समय पर ध्यान दें।*
- *सूचनाओं के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें।*
- *1 से 24 तक के प्रश्नों के लिए अधिकतम अंक 40 हैं।*

Part I (1–1 अंक के प्रश्न)

A 1 से 6 तक के प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें। **(4x1=4)**

1. 'दीपावली की छुट्टियों के बाद जब स्कूल खुला तो बेला के सिर पर सफ़ेद पट्टी बँधी थी।'- बेला को क्या हुआ था?
2. 'उसके हाथ की बनाई चाय में जादू है।'- उसके में प्रयुक्त नाम है-
   (मैं, वह, तुम, यह)
3. 'जब तक मैनेजर ने पोटली माँ के हवाले नहीं की, वह नहीं लौटा।'- पोटली में क्या था?
4. 'चमक उठीं घर भर की आँखें'- आँखें क्यों चमक उठीं?
5. सही वाक्य चुनकर लिखें।
   बच्चा काम करना लगा।
   बच्चे काम करने लगे।
   बच्ची काम करनी लगी।
   बच्ची काम करनी लगीं।
6. 'छिन भर आराम करने को जी तरसकर रह जाता है।'- ऐसा क्यों कहा गया है?

B 7 से 9 तक के प्रश्नों में से तीनों के उत्तर लिखें। **(3x1=3)**

7. 'छोटे बच्चे'- में प्रयुक्त विशेषण शब्द चुनकर लिखें।
8. 'नकटू... मतलब भैया से कहो।'- 'नकटू' कौन है?
9. गेंदें, खिलौने, रंग-बिरंगी किताबें आदि किनसे संबंधित मान सकते हैं?

Part II (2 अंकों के प्रश्न)

A प्रश्न 10 का उत्तर अवश्य (നിർബന്ധമായും) लिखें। (1x2=2)

टूटा पहिया कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 10 का उत्तर लिखें।

मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत!

10. टूटा पहिया क्यों कहता है कि मुझे फेंको मत!

B प्रश्न 11 और 12 में से किसी एक का उत्तर लिखें। (1x2=2)

11. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें।

उत्सव समाप्त हो जाता है।

बसंत का यह उत्सव समाप्त हो जाता है।

....

....

(फूलदेई की, विदाई के साथ)

12. भोपाल स्टेशन पर लेखक के मित्र अविनाश ने आकर क्या किया?

Part III (3 अंकों के प्रश्न)

A 13 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर लिखें। (3x3=9)

13. 'उनका हाथ चलना शुरू होता तो रुकना भूल जाता था।'- सुरेंदर जी माटसाब बच्चों से कैसा व्यवहार करते थे?
14. ‘रविवार की छुट्टी का दिन उनके लिए हफ़्ते का सबसे बुरा दिन हुआ करता था।’- यह किनके बारे में कहा गया है? क्यों?
15. 'दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था।'- चार्ली का पहला शो कैसा था?
16. सही जोड़े लगाएँ।

दुरूह चक्रव्यूह	मैदानी बहादुरी
चमक उठीं	दुस्साहसी अभिमन्यु
ठाकुर	घर भर की आँखें

B प्रश्न 17 का उत्तर अवश्य लिखें। (1x3=3)

17. 'यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते।'- इस प्रस्ताव पर अपना विचार प्रकट करें।

Part IV (4 अंकों के प्रश्न)

A 18 से 20 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें। (2x4=8)

'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 18 का उत्तर लिखें।

'सुरेंदर जी माटसाब कॉपी को उसके बैठने की जगह पर फेंकते हुए कहा, "बैठ अपनी जगह पर’’ ‘

18. इस प्रसंग पर बेला के एक दिन की **डायरी** लिखें।

सूचनाः 'आई एम कलाम के बहाने' फिल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 19 का उत्तर लिखें।
'घर री कमरतोड़ मेहनत और खेत-मज़ूरी से इतर दिन का ऐसा एकमात्र समय जब वह बच्चा बना रह सकता था।'-
19. बालश्रम रोकने का संदेश देते हुए एक **पोस्टर** तैयार करें।
सूचनाः 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़कर प्रश्न 20 का उत्तर लिखें।
'चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार।'-
20. इस प्रसंग पर सहेली के नाम चार्ली की माँ का **पत्र** तैयार करें।

B प्रश्न 21 और 22 में से किसी एक का उत्तर लिखें। (1x4=4)

'गुठली तो पराई है' कहानी का यह अंश पढ़कर प्रश्न 21 का उत्तर लिखें।
'वैसे बातें अगर खाने की या उनके बचपन की हो तो ठीक है, पर नसीहतें... उफ़!!'-
21. इस प्रसंग पर पटकथा का एक दृश्य तैयार करें।
सूचनाः 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 22 का उत्तर लिखें।

> पर दुनिया की हज़ारों सड़कों से गुज़रते हुए
> बच्चे, बहुत छोटे-छोटे बच्चे
> काम पर जा रहे हैं।

22. कविता का आशय लिखें।

Part V (5 अंकों के प्रश्न)

A प्रश्न 23 और 24 में से किसी एक का उत्तर लिखें। (1x5=5)

सूचनाः 'आई एम कलाम के बहाने' फिल्मी लेख का यह अंश पढ़कर प्रश्न 23 का उत्तर लिखें।
'मैं स्कूल की नीली-खाकी यूनिफार्म से हमेशा चिढ़ा करता और उसे पहनना हमेशा टाला करता। वहीं मोरपाल मुझे जब भी दिखा, हमेशा वही स्कूल की यूनिफार्म पहने ही दिखा।'-
23. स्कूल जाने के संबंध में मोरपाल और मिहिर के मनोभावों की तुलना (तुलना - താരതമ്യം) करते हुए एक **टिप्पणी** लिखें।
सूचनाः 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 24 का उत्तर लिखें।
'गंगी जगत की आड़ में बैठी मौको का इंतज़ार करने लगी। इस कुएँ का पानी सारा गाँव पीता है। किसी के लिए रोक नहीं, सिर्फ ये बदनसीब नहीं भर सकते।'
24. गंगी के चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी लिखें।